दिनांकः 16.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- राज्य में अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई–राज्य प्राधिंकार समिति के समन्वयक डॉ. राजेन्द्र बागड़ी निलम्बित।
- उच्चतम न्यायालय ने अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व के आस–पास खनन की सभी गतिविधियों पर लगायी रोक।
- राज्य में ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी और लू का असर जारी–जोधपुर और बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना।
- आईपीएल क्रिकेट में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया।

000

राज्य में अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। एसआईटी की रिपोर्ट आने के बाद राज्य सरकार ने ये कार्रवाई की। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों के बाद राज्य प्राधिकार समिति के समन्वयक एसएमएस अस्पताल के वरिष्ठ आचार्य, डॉ. राजेन्द्र बागड़ी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। श्रीमती सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट में सामने आया कि डॉ. बागडी को एनओसी के लिए आवेदन प्राप्त होने की जानकारी थी। इसके बावजूद उन्होंने बैठकों का आयोजन नहीं किया तथा राज्य प्राधिकारी समिति के कार्यों को गंभीरता से नहीं लिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि पर्यवेक्षणीय लापरवाही को लेकर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा और पूर्व अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा को नोटिस देकर तीन दिनों में जवाब मांगा गया है।

000

उच्चतम न्यायालय ने अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व के आसपास खनन की सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए क्रिटिकल टाइगर हैबिटैट के एक किलोमीटर के दायरे में सभी खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के आदेश दिये। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन कर विभिन्न कम्पनियां गैरकानूनी तरीके से खनन कर रही हैं। अदालत ने राज्य सरकार से इसके लिए एक्शन प्लान भी तैयार करने को कहा है।
मामले में अगली सुनवाई चार जुलाई को होगी। इस आदेश से सरिस्का के आस–पास दस किलोमीटर के दायरे में चल रही 85 खानों पर असर पड़ेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने भी वर्ष 2022 में सरिस्का टाइगर रिजर्व में अवैध बालू खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था।

000

राज्य में रोडवेज बसों में महिलाओं का सफर अब और सुरक्षित और आसान होगा। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक श्रेया गुहा ने बताया कि रोडवेज बसों में पैनिक बटन लगाये गये हैं। इनका उपयोग कर महिलाएं किसी भी आपातकालीन स्थिति में प्रबंधन को सूचित कर सकती हैं। श्रीमती गुहा कल रोडवेज मुख्यालय पर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग के जरिए सभी मुख्य प्रबन्धकों की बैठक ले रही थीं। उन्होंने बताया कि यह परियोजना परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सहयोग से चलाई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को गर्मी के मद्देनजर बस स्टैण्ड्स पर यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए पहाड़ी और पर्यटन स्थलों के लिए बसें चलाने के भी निर्देश दिए।

000

राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री और गुजरात की पूर्व राज्यपाल डॉ. कमला बेनीवाल का आज जयपुर में अंतिम संस्कार किया जाएगा। लालकोठी स्थित शमशान घाट पर उनको अंतिम विदाई दी जाएगी। 97 साल की डॉ. कमला ने कल जयपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डॉ. कमला बेनीवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट के माध्यम से उपराष्ट्रपति ने उन्हें एक कुशल प्रशासक और महिला सशक्तिकरण की दृढ़ समर्थक के रूप में याद किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में डॉ. कमला के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनके निधन पर दुख जताते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व बहुआयामी रहा और उन्होंने हर क्षेत्र में अनुकरणीय काम किये।

000

राज्य में ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी और लू का असर बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश इलाकों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 44 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां गर्मी से जनजीवन बेहाल है।

000

अजमेर और कोटपूतली बहरोड में तेज गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोग गर्मी से बचने के उपाय कर रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण सड़कें सूनी नजर आ रही हैं। जैसलमेर में जिला प्रशासन ने गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। हनुमानगढ में तेज गर्मी के चलते जिला कलेक्टर ने विभिन्न इलाकों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। और जानकारी हमारी संवाददाता से –

000

मौसम विभाग ने कहा है कि जैसलमेर और फलौदी क्षेत्र में गर्मी और लू का नया दौर शुरू होने की आशंका है। आज से जोधपुर और बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर और कल से जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है।

000

आईपीएल क्रिकेट में कल पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स ने 18 ओवर और पांच गेंदो में 145 रन बनाकर मैच जीत लिया। राजस्थान रॉयल्स की इस सीरीज में यह चौथी हार है। इसके बावजूद टीम 16 अंकों के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है। आज हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला गुजराज टाइटंस से होगा।

000

राजस्थान विश्वविद्यालय में आज से खेलों का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड की ओर से 5 जून तक चलने वाले इस शिविर में 14 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक भाग ले रहे हैं। वहीं आज से जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में जूनियर समर प्रोग्राम शिविर भी लगाया जा रहा है। शिविर में अलग–अलग आयु वर्ग के बच्चे 16 कला विधाओं का प्रशिक्षण लेंगे। इनमें थिएटर, गायन, गिटार, तबला, पियानो, वॉयलिन, लोक नृत्य, कथक, मोबाइल फिल्म मेकिंग, फोटोग्राफी, मोज़ेक आर्ट, आर्ट ऑफ़ एक्सप्रेशन की कक्षाएं सुबह 8 से 11 बजे तक चलेंगी।

कंटेम्परारी डांस, कैलीग्राफी (देवनागरी–अंग्रेजी) और क्रिएटिव राइटिंग की कक्षाएं शाम 3 से 6 बजे तक आयोजित की जाएंगी। कठपुतली मेकिंग और संचालन की कक्षाएं 30 मई से शुरू होंगी।

000